| |
|---|
| दिनांक 28.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 60/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद कासगंज/थाना ढोलना

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 35 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27/28.01.2026 की रात्रि थाना ढोलना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भगवंत पुल के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त योगन्द्र घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के 35 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.01.2026 को थाना ढोलना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाश द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना ढोलना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना ढोलना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–योगन्द्र निवासी ग्राम किनावा थाना ढोलना जनपद कासगंज।

**बरामदगी**

1–लूट के 35 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल।

**जनपद अमेठी/थाना जायस**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 76 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 28.01.2026 को थाना जायस पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त लतीफ उर्फ नफीस को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 76 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25.01.2026 को थाना जायस क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जायस पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अमेठी, रायबरेली के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–लतीफ उर्फ नफीस निवासी पूरे पन्नू औलाद हुसैन थाना जायस जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख 76 हजार रूपये नगद आदि।

**जनपद फतेहगढ़/थाना कायमगंज**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **87 अवैध कारतूस पुनः भरे हुये 12 बोर व 315 बोर**
- **24 अवैध जीवित कारतूस 315 बोर व .32 बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनॉकः 28.01.2026 को थाना कायमगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 03 अभियुक्तों 1–तारीक 2–मुख्तयार 3–असद अच्छे मियॉ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 87 अवैध कारतूस पुनः भरे हुये 12 बोर व 315 बोर, 24 अवैध जीवित कारतूस 315 बोर व .32 बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कायमगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–तारीक निवासी मोहल्ला कलाखेल कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

2–मुख्तयार निवासी मोहल्ला कलाखेल कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

3–असद अच्छे मियॉ निवासी मोहल्ला कलाखेल कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

**<u>बरामदगी</u>**

1–10 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–87 अवैध कारतूस पुनः भरे हुये 12 बोर व 315 बोर।

3–24 अवैध जीवित कारतूस 315 बोर व .32 बोर।

4–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## <u>जनपद शामली/थाना गढ़ीपुख्ता</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख 80 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 27.01.2026 की रात्रि थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर यूनिसपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–महसूब 2–महराब को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख 80 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–महसूब निवासी पलठेड़ी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

2–महराब निवासी ग्राम फतेहपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 40 लाख 80 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध स्मैक।

## जनपद शामली/थाना कैराना

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 63 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 315 ग्राम अवैध स्मैक**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27.01.2026 की रात्रि थाना कैराना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर डुढार रोड बडी नहर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–कदीम 2–मुशर्रफ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 63 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 315 ग्राम अवैध स्मैक, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कैराना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कदीम निवासी ग्राम तीतरवाडा थाना कैराना जनपद शामली।

2–मुशर्रफ निवासी ग्राम तीतरवाडा थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–लगभग 40 लाख 80 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 204 ग्राम अवैध स्मैक।

2–02 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल।

- **जनपद आजमगढ़/थाना जहानागंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 05 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व प्रत्येक को 61 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना जहानागंज पर पंजीकृत अभियोग में

धारा 147/148/302/307/323/325/452 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–राजकुमार 2–दीपक उर्फ अमित 3–सतीश उर्फ डम्पी 4–मनीष उर्फ डम्पी 5–अभियुक्ता को सश्रम आजीवन कारावास व प्रत्येक को 61 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद पीलीभीत/थाना बीसलपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 25–25 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद पीलीभीत पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद पीलीभीत द्वारा थाना बीसलपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–पूरनलाल 2–हरिशंकर को आजीवन कारावास व 25–25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद अलीगढ़ थाना टप्पल क्षेत्रांतर्गत निवेशकों को नक्शे में गलत प्लाट दिखाकर धोखाधड़ी करके भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई अचल सम्पत्ति कीमत करीब 35 करोड 28 लाख रूपये थाना टप्पल पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद अलीगढ़ पुलिस ने अभियुक्त 1–धर्मवीर यादव पुत्र चंद्रमा सिह यादव निवासी ग्राम मुर्हीं थाना सासाराम जनपद रोहताश बिहार, हालपता तिलपता मिथिला बिहार कालोनी थाना सूरजपुर नोएडा, 2–विष्णु शर्मा उर्फ आकाश पुत्र सत्यप्रकाश निवासी दहेलियापूथ थाना अलीगंज जनपद एटा, हालपता प्लाट सं0 08/1504 ग्रेट बैल्यू सरनम कालोनी, सेक्टर 96 थाना सैक्टर 39 नोएडा, 3–पवन झा पुत्र दिनेश झा निवासी–रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जनपद मधुबनी बिहार द्वारा थाना टप्पल क्षेत्रांतर्गत निवेशकों को नक्शे में गलत प्लाट दिखाकर धोखाधड़ी करके भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई अचल सम्पत्ति कीमत करीब 35 करोड 28 लाख रूपये थाना टप्पल पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

| |
|---|
| दिनांक 28.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 61/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की लखनऊ इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 28.01.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ इकाई** द्वारा योगेश मिश्रा निवासी ग्राम व पोस्ट जमखँनवा बक्शी का तालाब कमिश्नरेट लखनऊ से खतौनी पर गलत हुए गाटा संख्या को सही करने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्रीमती संध्या सिंह के नेतृत्व में चकबन्दी अधिकारी कार्यालय बक्शी का तालाब कमिश्नरेट लखनऊ से **कनिष्ठ सहायक राजीव कुमार प्रभाकर (कार्यालय सी0ओ0 चकबन्दी बक्शी का तालाब लखनऊ)** पुत्र स्व0 लक्ष्मण निवासी हसखेडा रोड थाना पारा कमिश्नरेट लखनऊ को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

————————